# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**सूचना क्रमांक 01/07/2017, दिनांक 01.02.2018**

## सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2017

### ऑनलाइन आवेदन पत्र में सुधार विषयक सूचना

आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग , मध्य प्रदेश शासन हेतु विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 07/2017, दिनांक 12.12.2017 के ऑनलाइन आवेदन पत्र को भरने में अभ्यर्थियों को आ रही समस्या के संदर्भ मे आयोग द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र मे निम्नानुसार सुधार का निर्णय लिया गया:-

01 10वीं, 12वीं तथा स्नातक उपाधि के मामले मे उत्तीर्ण दिनांक तत्काल में अनुपलब्ध होने पर अभ्यर्थी माह तथा वर्ष अथवा केवल वर्ष की प्रविष्टि कर सकेंगें।

02 स्नातकोत्तर उपाधि के मामले में अभ्यर्थी को उत्तीर्ण दिनांक लिखना अनिवार्य होगा।

03 शाला/महाविद्यालय में प्रवेश तथा छोड़ने के कालम में भी दिनांक तत्काल में अनुपलब्ध होने पर अभ्यर्थी माह तथा वर्ष अथवा केवल वर्ष की प्रविष्टि कर सकेंगें।

04 जिन अभ्यर्थियों ने स्वाध्यायी/ पत्राचार/ दूरस्थ/ प्रायवेट अध्ययन किया है वे शाला/महाविद्यालय में प्रवेश तथा छोड़ने के कालम में NA लिख सकेंगें।

05 जिन अभ्यर्थियों द्वारा 10+2 के स्थान पर ग्यारहवीं की बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें ग्यारहवीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रारूप में शैक्षणिक अर्हता प्रविष्ट करने की सुविधा उपलब्ध कराई गयी है।

06 एक से अधिक स्थान के अनुभव हेतु अभ्यर्थी एक से अधिक पृष्ठों के PDF अपलोड कर सकेंगें।

07 अभिलेख खंड में अभ्यर्थियों को 3 अतिरिक्त अभिलेख अपलोड करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी है जिसमें वे अपनी ओर से कोई जानकारी दे सकेंगें।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में आवेदन भरे जा चुके है उनके आवेदनों पर उक्त संशोधनों का कोई प्रभाव नहीं होगा तथा उन्हें उक्त संदर्भ में किसी सुधार की आवश्यकता नहीं है। उक्त संशोधन आज दिनांक **01.02.2018** से लागू किए जायेंगें तथा संशोधित प्रारूप के अपलोड के दौरान आवेदन पत्र भरने की सुविधा कुछ घंटों के लिए बंद रहेगी।

**सचिव**